Total No. of Printed Pages—5

2 SEM TDC HND MIL (A) 1

2 0 1 6

(May)

HINDI

(Modern Indian Language)

(Arts)

Course : 201

(हिन्दी गद्य तथा व्याकरण)

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

*Candidates **eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **9***

Full Marks : 80

Pass Marks : 32/24

*Candidates **not eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **11***

Full Marks : 100

Pass Marks : 40/30

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'दुःख' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(ख) राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद की पृष्ठभूमि में लेखक ने किसका साक्षात्कार लिया?

(ग) अमीरी और गरीबी से किसका संबंध नहीं होता?

(घ) 'काली आँधी' उपन्यास में जग्गी बाबू कौन हैं?

(ङ) 'कबीर' शीर्षक निबंध किनकी रचना है?

(च) बैजू को संगीत की शिक्षा किसने दी थी?

(छ) 'दुःख' कहानी में किसका दुःख बनावटी है?

(ज) नामघरों में किसे चैतन्य-मूर्ति मानकर नाम कीर्त्तन किया जाता है?

2. "कला साधना में तानाशाही नहीं चलती।" इस तथ्य की प्रस्तुति 'बैजू बावरा' कहानी में किस प्रकार हुई है? 11

अथवा

'दुःख' कहानी का सारांश लिखते हुए इस कहानी की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालिए। 11

3. 'काली आँधी' उपन्यास के आधार पर मालती **अथवा** लल्लू बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए। 11

अथवा

"'काली आँधी' उपन्यास में केवल भ्रष्टाचार और चरित्रहीनता का ही चित्रण नहीं है, इसमें महत्त्वकांक्षा के विस्तार और सफलता के नशे की कहानी भी जुड़ी हुई है।" इस कथन के आधार पर उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 11

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) जिसने अपने जीवन में किसी को मृत्यु के घाट उतारते समय दया नहीं की थी, उस समय दया के लिए गिड़गिड़ा कर प्रार्थनाएँ कर रहा था।

अथवा

मनुष्य-मनुष्य में कितना भेद होता है। परन्तु मनुष्यत्व एक चीज है, जो कभी-कभी भेद की सब दीवारों को लाँघ जाती है।

(ख) मजहब बड़ी चीज है, पर हमारी सबसे बड़ी जरूरत है गरीबी और भूख को मिटाना।

अथवा

राजनीति ऐसा खेल है कि जब गोटियाँ बैठना शुरू होती है तो सब बैठती चली जाती हैं। खाँचे में खाँचा फिट होता जाता है।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×3=9

(क) "हम पत्रकार लोग जानते कुछ नहीं, पर हर विषय का विशेषज्ञ बनने का अहम् जरूर पाले रहते हैं।" आशय लिखिए।

(ख) "जिन्दगी में हर चीज नहीं मिलती। आदमी को चुनाव करना पड़ता है कि उसे क्या चाहिए।" आशय लिखिए।

(ग) "असम संस्कृति एक मिश्रित संस्कृति है"—स्पष्ट कीजिए।

(घ) "राम-रहीम और केशव-करीम की जो एकता स्वयंसिद्ध है उसे भी सम्प्रदाय बुद्धि के मस्तिष्क वाले लोग समझ नहीं पाते।" आशय लिखिए।

6. कारक की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 5

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्द-युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×5=5

अन्त–अन्त्य ; असन–आसन ; अपेक्षा–उपेक्षा ; कुल–कूल ; देव–दैव ; तरणि–तरणी

7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

ऊँट के मुँह में जीरा ; सब धन बाइस पसेरी ; कान में तेल डालना ; कागज काला करना ; अक्ल पर पत्थर पड़ना ; बाँसों उछलना ; नाक रगड़ना ; अक्ल का दुश्मन

8. लिंग-निर्णय के किन्हीं तीन नियमों को लिखिए। 5

अथवा

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 1×5=5

जो बहुत बोलता है ; अपने परिवार के साथ ; जो पुरुष कविता रचता है ; जो मन को हर ले ; बिना वेतन के

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) श्रीमंत शंकरदेव

(ख) सोशल मीडिया

(ग) असम में पर्यटन

(घ) प्रदूषण की समस्या

(In lieu of Internal Assessment)

10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए : 5×2=10

दिलीप ; हेमा ; तानसेन ; बैजू बावरा

11. 'काली आँधी' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। 10

★★★